खबर संक्षेप

## सूर्यकुण्ड धाम में आज दिव्य अनुष्ठान



**मण्डला।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सकवाह स्थित पावन श्री हनुमान जी मंदिर सूर्यकुण्ड धाम में दिव्य सर्वसिद्धि अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान आज ब्रम्हमुहूर्त आरती के पश्चात प्रातः 4:30 बजे से आरंभ होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत रुद्रावतारी श्री हनुमान महाराज की पावन मूर्ति पर महामंत्र रुद्राभिषेक संपन्न किया जाएगा। यह रुद्राभिषेक न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि भक्तों को कार्य सिद्धि, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति का वरदान भी प्रदान करता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य अनुष्ठान में भाग लें और प्रभु हनुमान जी की कृपा प्राप्त करें। इस आयोजन के प्रेरणास्त्रोत श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज (सिद्ध संत) हैं जिनके आशीर्वाद से यह परंपरा निरंतर चल रही है। कार्यक्रम का संचालन ब्रम्हमुहूर्त आरती सेवादार समिति सूर्यकुण्ड धाम सकवाह द्वारा किया जा रहा है। भक्तों के लिए यह अवसर न केवल भक्ति का संगम है बल्कि अध्यात्म और साधना की शक्ति को साक्षात अनुभव करने का भी माध्यम है।

### आचार्य युवराज ने धर्मप्रेमियों का मोह लिया मन

# निकली बाबा महाकाल की पालकी सवारी

*** विशाल झंडा यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल हुये सनातनी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

झंडा यात्रा एवं महाकाल सवारी समिति के द्वारा विशाल झंडा यात्रा एवं बाबा महाकाल पालकी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा महिष्मति घाट से निकाली गई जो नगर भ्रमण करते हुए किला वार्ड स्थित व्यास नारायण मंदिर पहुंची जहां पर विधि विधान से झंडा की स्थापना करते हुए पूजन अर्चन किया गया। इस पालकी झंडा यात्रा में मुख्य आकर्षण का केन्द्र उज्जैन महाकाल के समरूप बाबा महाकाल की पालकी रही वहीं विशाल भगवा ध्वज के साथ शहनाई, सुप्रसिद्ध डीजे, आईप्रो एवं लाइट शो, जिले का सुप्रसिद्ध डीजे अत्तू एवं लाइट शो, सुप्रसिद्ध कृष्णा बैन्ड, साउंड सिस्टम, रियांश इवेंट के द्वारा विशेष इवेंट का शो प्रदर्शन किया गया और विभिन्न प्रकार की झांकियों ने लोगों का मनमोह लिया सैकड़ों की संख्या में युवा जयकारे के साथ शोभायात्रा में दिखाई दिये। शोभायात्रा नेहरू स्मारक, स्टैंड बैंक, लालीपुर चौराहा, बस स्टैंड, चिलमन चौक, उदय चौक, राम मंदिर सराफा, बुधवारी चौक होते हुए व्यास नारायण मंदिर राजराजेश्वरी किले पहुंची जहां पर ध्वज स्थापना के साथ महाआरती की गई। बता दें कि इस बार बाबा महाकाल की सवारी में बैंड बाजे और भजन मंडलियों के साथ अलग अलग जनजाति के कलाकार भी प्रस्तुति देते दिखाई दे रहे हैं। भोलेनाथ की भक्ति के साथ सवारी में इस बार लोक संस्कृति का रंग बढ़ चढक़र देखने को मिल रहा है। भस्मारती में बाबा का पंचामृत अभिषेक करने के बाद भांग, चंदन, सूखे मेवे और आभूषणों से महाकाल का राजा स्वरूप श्रृंगार किया गया। समूह के कलाकार नृत्यकर प्रस्तुति देते हुए निकले आकर्षण का केंद्र रही।





### युवराज ने धर्मप्रेमियों का मन मोह लिया

सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं पचरा गीत गायक छत्तीसगढ़ पंडित युवराज पांडेय ने उदय चौक में पचरा गीत गाकर धर्मप्रेमियों का मन मोह लिया यहां पर सैकड़ो की संख्या में धर्मप्रेमी पहुंचे जहां पर आचार्य युवराज पांडे का स्वागत किया गया। धर्म और आस्था की नगरी मंडला एक बार फिर भक्ति के रंग में रंग गई जैसे ही पंडित जी उदय चौक पहुंचे, वहां पहले से मौजूद श्रद्धालुओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। भव्य स्वागत के साथ उन्हें मंच तक लाया गया जहां चारों ओर भक्तिरस का अद्भुत माहौल दिखाई दिया। पंडित युवराज पांडेय ने मंच पर आते ही अपने मधुर स्वर में परंपरागत पचरा गीतों की प्रस्तुति दी जिसकी गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। गीतों में देवी-देवताओं की महिमा और लोकभक्ति की ऐसी छाप थी कि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कुछ श्रद्धालु तो भावावेश में झूमने भी लगे। इस मौके पर स्थानीय नागरिकों, धर्मप्रेमियों और आयोजकों द्वारा पंडित युवराज पांडेय का पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। आयोजकों ने उन्हें मंडला पधारने के लिए आभार जताया और कहा कि उनके आगमन से नगर का धार्मिक महत्व और भी बढ़ गया है। कार्यक्रम के अंत में पंडित जी ने सभी श्रद्धालुओं को धार्मिक सद्भाव, भक्ति और संस्कृति को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया। यह आयोजन केवल एक सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं बल्कि श्रद्धा, भक्ति और लोकसंस्कृति के पुनर्जागरण का साक्षात प्रमाण बन गया।



### सनातनी युवाओं ने उठाया बीड़ा

विगत पांच वर्षो से जिले के अनेक युवाओं के द्वारा हर वर्ष सावन मास में झंडा यात्रा एवं महाकाल पालकी सवारी का आयोजन किया जाता है। समिति में न कोई अध्यक्ष है और न कोई पदाधिकारी चंद युवाओं ने आज से पांच साल पहले बैठक की और बाबा महाकाल की सवारी निकालने का संकल्प लिया। समय के साथ कारवां बढ़ते गया और आज इस समिति में सैकड़ो युवा जुड़ चुके हैं। झंडा यात्रा और बाबा महाकाल की पालकी यात्रा को लेकर महीनों तैयारियां चलती है। यह धार्मिक आयोजन अब शहर के प्रमुख धार्मिक आयोजन में शामिल हो गया है। उज्जैन बाबा महाकाल की तर्ज पर आयोजित इस महाकाल सवारी के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से धर्मप्रेमी नगर पहुंचते हैं।

### शेषनाग मंदिर में हुआ स्वागत

झंडा यात्रा एवं महाकाल सवारी समिति के द्वारा विशाल झंडा यात्रा एवं बाबा महाकाल पालकी शोभायात्रा का जिला पंचायत के सामने हनुमान शेषनांग मंदिर में स्वागत किया गया भक्तों ने यहां पर पालकी में विराजमान बाबा महाकाल की पूजन करते हुये पुष्पवर्षा की। इस दौरान यहां पर जयकारे भी लगाये गये। इस दौरान बाबा महाकाल को 101 किलो की भोगी प्रसादी लगाकर भक्तों जनों को वितरण की गई। वहीं युवाओं ने भगवा ध्वज को मंदिर लाया गया जहां पर पूजन अर्चन करते हुए जयकारे लगाए गए।

## कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा किया गया अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कान्हा टाइगर रिजर्व द्वारा भारत ज्योति विद्यालय मण्डला में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अंतर्गत बाघ संरक्षण संबंधी चेतना के प्रचार-प्रसार एवं क्षेत्रीय गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री एस.एस. उद्दे सेवानिवृत मुख्य वन संरक्षक, सुश्री पूजा नागले वनमण्डलाधिकारी उत्पादन, श्री हरीश बघेल संभागीय प्रबंधक मोहगांव प्रोजेक्ट, डॉ. संदीप अग्रवाल वन्यप्राणी चिकित्सक, श्री चन्द्रेश खरे मानसेवी वन्यजीव अभिरक्षक, श्री राजेश क्षत्री सेवानिवृत शिक्षक एवं भारत ज्योति विद्यालय के उप प्राचार्य तथा कान्हा टाइगर रिजर्व के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री एस.एस. उददे सेवानिवृत मुख्य वन संरक्षक द्वारा बाघ संरक्षण एवं स्थानीय समुदायों के सहयोग पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विगत 10 दिवसों में विभिन्न परिक्षेत्रों में आयोजित प्रतियोगिताएँ जैसे-मिट्टी कलाकृति निर्माण, मेहंदी, चित्रकला, पोस्टकार्ड लेखन इत्यादि के परिणामों की घोषणा कर विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया तथा विगत वर्ष में वन्यप्राणी रेस्क्यू अभियानों में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परिक्षेत्रों से आए स्कूली छात्र/छात्राओं एवं ग्रामीणों द्वारा बैगा नृत्य, बाघ नृत्य, लोक नृत्य व गायन के माध्यम से बाघ संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा बाघ संरक्षण की शपथ लेकर हस्ताक्षर किये गये।

## एसडीएम सोनल सिडाम ने किया आंगनवाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

**मण्डला।** 22 जुलाई से 16 सितंबर तक चलने वाले 'दस्तक अभियान' के तहत, मंडला एसडीएम श्रीमति सोनल सिडाम ने बुधवार को मंडला विकासखंड के ग्राम घुघरा आंगनवाड़ी और गुरारखेड़ा उप स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीएमओ, बीपीएम और बीईई भी मौजूद रहे। एसडीएम श्रीमति सोनल सिडाम ने 'दस्तक अभियान', आंगनवाड़ी केंद्रों में चल रही गतिविधियां, बच्चों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड और पोषण संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि अभियान के दौरान निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर सके। इस दौरान एसडीएम श्रीमति सिडाम ने अभियान की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।

## कन्या विद्यालय बिछिया में मानव दुर्व्यापार व नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भुआबिछिया।** कल दिनांक 30 जुलाई 2025 को विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस पर कन्या विद्यालय बिछिया में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के विषय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक मंडला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा) सतीश कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजन में थाना बिछिया आवाज सामाजिक संस्था तथा विद्यालय प्रबंधन की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को मानव तस्करी जैसे अपराध, पोक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ को नशा मुक्ति एवं महिला सुरक्षा के प्रति शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर लगभग 300 से 450 छात्राएं, शिक्षकगण, थाना बिछिया का स्टाफ तथा आवाज संस्था के सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने डीएसपी से संवाद कर बाल संरक्षण और महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना, नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा मानव दुर्व्यापार जैसे अपराधों से सचेत कर उन्हें जागरूक नागरिक बनाना रहा।

## हाईस्कूल माड़ोगढ़ में निःशुल्क साइकिल का वितरण



**नारायणगंज।** कल दिनांक 30.07.2025 को शासकीय एकीकृत परिसर हाईस्कूल माड़ोगढ़ में निःशुल्क साइकिल वितरण हेतु जनपद सदस्य जी एस परस्ते, ग्राम पंचायत माड़ोगढ़ सरपंच श्रीमती हेमलता बरकडे पूर्व सरपंच एम एस मरावी, ग्राम पटेल जी एस परस्ते, शोभन सिंह परस्ते विकासखंड शिक्षा अधिकारी आर के विश्वकर्मा, पालक अभिभावक एवं संस्था स्टाफ की उपस्थिति में 47 सायकिलों का वितरण किया गया जिसमें 21 बालक 26 बालिकाओं को शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार वितरित किया गया।

**आयोजन** | सांदीपनि विद्यालय हाथीतारा में 50 सीटर बालक एवं 50 सीटर बालिका छात्रावास का भूमि पूजन।

# कलेक्टर ने किया छात्रावास का भूमिपूजन

*** शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने की अपील।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

दिनांक 29 जुलाई 2025 को प्रधानमंत्री जन मन योजना अंतर्गत बालक एवं बालिका छात्रावास का भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम धर्मेंद्र प्रधान केंद्रीय शिक्षा मंत्री भारत सरकार, डॉ सुकांता मजूमदार शिक्षा राज्य मंत्री, जयंत चौधरी शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, श्रीमती संपतिया उईके कैबिनेट मंत्री लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी मध्यप्रदेश शासन, फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद श्री चेन सिंह वरकड़े विधायक निवास के द्वारा वर्चुअली माध्यम से जुड़कर मंडला सांदीपनि विद्यालय हाथीतारा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंडला श्रेयांश कुमार पुलिस अधीक्षक मंडल रजत सकलेचा जनपद अध्यक्ष मंजू रानी कुलस्ते जनपद उपाध्यक्ष घनश्याम सूर्यवंशी भाजपा अध्यक्ष आकाश पांडे नगर परिषद उपाध्यक्ष बसंत चौधरी भाजपा महामंत्री राकेश रजक स्वरूप सिंह सचिन खमरिया तथा उपस्थित अतिथिगणों के द्वारा मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया गया सांदीपनि विद्यालय हाथी तारा की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम जी रहे कार्यक्रम में उपस्थितजनों को सांसद फगन सिंह कुलस्ते ने ऑनलाइन संबोधित किया तथा सभी जनों को बधाई प्रेषित की और अधिकारियों और कर्मचारियों को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा व्यवस्था मैं और सुधार लाने की अपील की।



जन प्रतिनिधियों में कमलेश तेकाम उपाध्यक्ष जिला पंचायत मंडला जगत सिंह मरावी सदस्य जिला पंचायत मंडला जनपद पंचायत निवास से श्रीमती सोनकली मरावी जनपद सदस्य, भूमि दानदाता श्रीमती प्रेमबाई और श्रीमती उर्मिला उद्दे सरपंच ग्राम पंचायत हाथीतारा एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे अधिकारीगणों में जिले से श्रीमती मुन्नी बरकड़े जिला शिक्षा अधिकारी मंडला श्रीमती वंदना गुप्ता सहायक आयुक्त मंडला अरविंद विश्वकर्मा जिला परियोजना समन्वयक मंडला अनबिभागीय अधिकारी राजस्व सी एल वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रद्धा सोनी, आलोक सोनी तहसीलदार निवास सुनील दुबे विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक निवास सांदीपनि विद्यालय हाथी तारा की प्राचार्य श्रीमति संगीता मथानियां भवन निर्माण विभाग से श्री बघेल श्री गजभिए जन शिक्षक मुरलीधर परस्ते टेकलाल सिंगरौरे अरुण शुक्ला रविंद्र बरकड़े हीरा रजक अनुराधा सिंह कुशल परस्ते योगेश सिंगरौर के साथ-साथ समस्त स्टाफ की उपस्थिति मे कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष मंजू रानी कुलस्ते जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ संजय कुशराम एवं भाजपा अध्यक्ष आकाश पांडे ने संबोधित किया सभी ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा नई शिक्षा नीति के तहत विद्यालयों को शिक्षा के मंदिर के रूप में विकसित करने तथा अच्छी शिक्षा देने की अपील की कार्यक्रम का सफल संचालन जिला परियोजना संचालक अरविंद विश्वकर्मा सुनील कुमार दुबे एवं पुरुषोत्तम विश्वकर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम के समापन में मैं पहुंचे जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम एवं जिला पंचायत सदस्य जगत मरावी जी ने शिक्षकों के साथ बैठक कर शिक्षा व्यवस्था को सुद्रन बनाने और अध्ययन अध्यापन के संबंध में आने वाली समस्याओं के संबंध में गंभीरता से चर्चा की तथा विद्यालय परिवार को और अधिक सजगता से कार्य करने की हिदायत दी वही विकासखंड की शिक्षा व्यवस्था को और अच्छी स्थिति में लाने की अपील भी सभी शिक्षक साथियों से की गई कार्यक्रम के अंत में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुनील दुबे जिला परियोजना समन्वयक अरविंद विश्वकर्मा एवं संस्था की प्राचार्य संगीता मथानिया ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों जनप्रतिनिधिगनों एवं उपस्थित अभिभावको, छात्रों को साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिला पंचायत एवं जनपद अध्यक्ष के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधि छात्रावास की भूमि पर जाकर पूजन कर नारियल आदि तोड़कर भूमि पूजन भी किया।

## कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

हरियाली तीज, एक जीवंत हिंदू त्यौहार है जो मुख्य रूप से उत्तर भारत और नेपाल में महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। यह भगवान शिव और देवी पार्वती के मिलन को समर्पित है। मानसून के मौसम में मनाया जाने वाला यह त्यौहार प्रेम, भक्ति और वैवाहिक आनंद का प्रतीक है। वर्तमान दौर में यह त्यौहार अब पूरे भारतवर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने लगा है। मंडला में भी कुर्मी समाज की महिलाओं ने विगत दिवस हरियाली तीज का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, वंदना की गई। इसके बाद पूर्व महिला अध्यक्ष स्व. श्रीमती सुधा सिंगौर के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। प्राचीन काल से कुर्मी जाति का संबंध कृषि से रहा है। सावन माह में वर्षा के कारण प्रकृति भी हरियाली से अपनी छटा चहुंओर बिखेर रही है। समस्त मातृ-शक्तियों ने भी प्रकृति के प्रति अपना अपार प्रेम दर्शाते हुए हरे वस्त्र धारण किया था । छोटे-छोटे बच्चे फूलों की तरह विभिन्न रंगो की पोशाकों से सराबोर थे। बच्चों और महिलाओं ने बड़े ही हर्ष उल्लास से अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दीं। महिलाओं ने तोरण बनाने की, टाइम मैनेजमेंट गेम, डांस प्रोग्राम और सामूहिक खेल खेलें। बच्चों ने कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता के साथ-साथ अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। सभी ने पवित्र श्रावण मास में झूले का भी आनंद लिया। अपनी मधुर वाणी और एक नए अंदाज में एंकरिंग करते हुए हर्षिता सिंगौर और दर्शना पटेल ने सब का मन मोह लिया। कोरियोग्राफी शैलजा पटेल ने किया था।गीत, संगीत, नृत्य, खेल-कूद प्रतियोगिताओं में सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एक दूसरे को पौधे भी वितरित करते हुए हरित क्रांति का संदेश दिया गया। विशेष कर कृषि से संबंध रखने वाली जाति कुर्मी की महिलाओं का महिला सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम की समाज में बहुत तारीफ हो रही है। ऐसे कार्यक्रमों से जहां महिलाओं में जागरूकता आती है वहीं दूसरी ओर एक दूसरे से परिचय का दायरा के साथ-साथ मिलकर काम करने का उत्साह देखने को मिलता है। शिल्पा हर की पक्ष पुरस्कार भी वितरित किए गए।



तोरण प्रतियोगिता में प्रथम श्रीमती अंजू चंद्रौल, द्वितीय श्रीमती संजू लता सिंगौर एवं तृतीय रेखा सिंगौर ने अपना स्थान बनाया। टाइम मैनेजमेंट गेम में प्रथम श्रीमती चंदा गुमास्ता, द्वितीय श्रीमती हिरिया पटेल, तृतीय श्रीमती संजू लता सिंगौर रही। बच्चों की डांस प्रतियोगिता में आर्या पटेल प्रथम आस्था सिंगौर द्वितीय और भूमि पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार महिलाओं की डांस प्रतियोगिता में प्रथम रजनी पटेल, द्वितीय अर्पिता पटेल, तृतीय ज्योति पटेल व जासमीन सिंगौर रही। सामूहिक खेल में प्रथम आन्या पटेल द्वितीय ज्योति चंद्रौल एवं तृतीय स्थान कविता पटेल ने प्राप्त किया। बच्चों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम भूमि पटेल द्वितीय आभास पटेल एवं तृतीय सक्षम पटेल रहे। बच्चो के सामूहिक खेल में प्रथम आर्या पटेल, द्वितीय हर्षिता सिंगौर एवं तृतीय रिशिंता पटैल ने अपना परचम लहराया।

**खबर संक्षेप**

## जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता 1 अगस्त को डिण्डौरी में होगा आयोजित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** पर्यटन के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय टूरिज्म क्विज प्रतियोगिता 1 अगस्त को सुबह 8.30 बजे से मेकलसुता महाविद्यालय डिंडौरी में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष जिले के 142 शासकीय एवं निजी हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों के 426 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया है। एक विद्यालय के तीन विद्यार्थी एक टीम के रूप में भाग लेंगे। प्रतियोगिता दो आकर्षक चरणों में होगी, पहले चरण में लिखित परीक्षा होगी जिससे तीनो प्रतिभागी मिलकर एक टीम के रूप में प्रश्नपत्र हल करेंगे, इसमें सर्वाधिक अंक पाने वाली टॉप 6 टीमें दूसरे चरण में जाएंगी। यह चरण शानदार मल्टीमीडिया राउंड का होगा, इसमें क्विज मास्टर रोचक ऑडियो वीडियो विसुवल माध्यम से प्रश्न पूछेंगे। विजेता टीम राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष माइनस मार्किंग नही है बल्कि बोनस मार्किंग है अतः प्रतिभगियों से आग्रह है अपने ज़लिें एवं प्रदेश के पर्यटन पुरातत्व कला एवं सांस्कृतिक धरोहर के अच्छे अध्ययन के साथ सम्मिलित होवे और अपने विद्यालय एवं ज़लिें का नाम रौशन करें। डी ए टी सी सी नोडल अधिकारी अनुसार पहली तीन विजेता टीमों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और 3 दिन दो रात का पर्यटन भ्रमण का कूपन मिलेगा। अगली तीन उपविजेता टीमों को मेडल, प्रशस्ति पत्र और दो दिन एक रात का भ्रमण कूपन से पुरुस्कृत किया जावेगा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे मार्गदर्शी शिक्षक एवं दर्शक प्रतिभागियो को भी सही उत्तर देने पर इस ज्ञानवर्धक क्विज में प्रोत्साहित किया जावेगा।

## 58 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।** एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन ने पीड़ति परिवार को आर्थिक अनुदान राशि प्रदान करने का आदेश जारी किया। उल्लेखनीय है कि 25 अप्रैल 2025 को बजाग तहसील के जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम सेनगुडा रैयत निवासी श्री भगत सिंह के मकान में अचानक आग लगने की घटना हुई। जिसमें 03 नग बैल की मृत्यु हो गयी थी। एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन ने मामले की संवेदनशीलता कों देखते हुए अचानक हुई दुर्घटना के मद्देनजर रा.पु.परि. 6-4 की कंडिका पांच (दो) (क) -2 के अनुसार नैसर्गिक विपत्ति/प्राकृतिक प्रकोप के अनुदान राशि 58,000 (अन्ठावन हजार रूपये) की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है।

## पुलिस अधीक्षक ने फुटबॉल खिलाड़ियों से संवाद कर दिया नशा मुक्ति का संदेश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले में युवाओं को नशे से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करने हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा बीते 15 दिनों से नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। इस कड़ी में थाना राजेंद्रग्राम के ग्राम मौहरी में आयोजित फुटबॉल खेल प्रतियोगिता के दौरान विशेष नशा मुक्ति शपथ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अनूपपुर के पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने ग्रामीणों, खिलाड़ियों व दर्शकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और जीवन में खेल को अपनाने का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने खिलाड़ियों से व्यक्तिगत परिचय लिया और उन्हें नशा मुक्ति संदेश से सजे टी-शर्ट वितरित किए। उन्होंने कहा कि खेल जीवन को अनुशासित और ऊर्जावान बनाता है। मौके पर ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति नशे की लत से पीड़ति है, उसे न केवल रोकने की ज़रूरत है, बल्कि सही इलाज और सहयोग की भी ज़रूरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस विभाग ऐसे प्रत्येक व्यक्ति को नशे से बाहर निकालने और बेहतर उपचार दिलाने के लिए हरसंभव सहायता करेगा।

# कलेक्टर नेहा मारव्या का औचक निरीक्षण

# छात्रावासों, शालाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में लापरवाही उजागर







**कलेक्टर ने बुधवार को विकासखंड बजाग के अंतर्गत शासकीय संस्थाओं, छात्रावासों और आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में गंभीर लापरवाही और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी सामने आई।**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

कलेक्टर ने सबसे पहले आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास बोंदर का निरीक्षण किया, जहां अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। रसोई कक्ष में गुणवत्ताहीन भोजन सामग्री मिली और निरीक्षण के समय छात्रावास में कोई छात्र उपस्थित नहीं था। साफ-सफाई और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था भी असंतोषजनक पाई गई। इस पर कलेक्टर ने अधीक्षक को हटाकर नए पदस्थापन के निर्देश दिए। साथ ही एसडीएम और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को जांच कर दो दिन में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश दिए।

प्राथमिक शाला डुमरटोला और ग्राम पंचायत घोपतपुर के आंगनवाड़ी केंद्र में भी खामियां मिलीं। नवीन भवन होने के बावजूद आंगनवाड़ी केंद्र में छत से पानी टपक रहा था। कलेक्टर ने डीपीसी कार्यालय के सहायक यंत्री और एसडीएम को तकनीकी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और ठेकेदार पर कार्रवाई के संकेत दिए।

ग्राम पंचायत सरवाही में सात वर्षों से अधूरे पड़े कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का निरीक्षण भी किया गया। भवन की छत से पानी टपकना, सीढ़ियों का असमान आकार, शौचालय में खिड़की का अभाव और वर्षाजल निकासी की व्यवस्था न होना जैसी खामियां पाई गईं। कलेक्टर ने एसडीएम, पीडब्ल्यूडी, डीपीसी और अन्य अधिकारियों की टीम बनाकर तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट कर रिकवरी की कार्रवाई की जा सके। पुराने कस्तूरबा गांधी छात्रावास में क्षमता से अधिक छात्राएं निवास करती मिलीं। 50 सीटर भवन में 192 छात्राएं रह रही थीं। कलेक्टर ने मच्छरदानी, खिड़कियों में जाली लगाने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी नए भवन का हैंडओवर तब तक न किया जाए, जब तक उसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और गुणवत्ता मानक पूरे न हों।





## जिला प्रशासन एवं वन विभाग ने वनग्रामों में लगाई चौपाल

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा वनग्रामों में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र प्रदान करने एवं संशोधन कार्य हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। बुधवार को कलेक्टर मारव्या ने विकासखंड बजाग के वनग्राम तरच, ग्राम पंचायत भुरसी रैयत एवं वनग्राम सिलपिडी के ग्राम पंचायत चाडा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और वनाधिकार पत्र दिलाने की कार्यवाही की समीक्षा की। वनग्राम तरच ग्राम पंचायत भुरसी रैयत में आयोजित चौपाल के दौरान वनाधिकार पत्र से संबंधित कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 36 पात्र पाए गए। कलेक्टर ने पटवारी, बीट गार्ड एवं सचिव को तीन दिवस के भीतर सभी पात्र आवेदनों की पूर्ण कार्यवाही कर ऑनलाइन प्रविष्टि करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय पर वनाधिकार पत्र मिल सके। और जिन किसानों के वन अधिकार पत्र सशोधन योग्य हैं उन्हें संशोधन करने के निर्देश दिए।

इसी के साथ ग्राम पंचायत चाडा वनग्राम सिलपिडी में आयोजित चौपाल के दौरान पंचायत सरपंच ने पुराने पंचायत भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए नए भवन की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बजाग को तत्काल आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चौपाल में काबिज किसानों के वनाधिकार पत्रों पर विस्तृत चर्चा की। आयोजित चौपाल में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर पटवारी, सचिव, बीटगार्ड को कलेक्टर ने दो दिवस के भीतर कार्यवाही कर वन मित्र पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

## कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता

## 8 साल से लापता बालक बरामद

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



कोतवाली पुलिस ने 8 वर्षों से गुमशुदा बालक को खोज निकालने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक डिंडौरी के निर्देश पर अपहृत बालक/बालिकाओं की तलाश के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था।अति. पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं एसडीओपी सतीश द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक दुर्गा प्रसाद नगपुरे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 571/2018 धारा 363 आईपीसी में दर्ज मामले में अपहृत बालक करण कुमार पिता राजेंद्र कुमार ठाकुर, निवासी छोटी ओमती, जिला जबलपुर, जो वर्ष 2018 से लापता था, उसे 30 जुलाई 2025 को पुलिस टीम ने दस्तयाब कर लिया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में सउनि मनमोहन सिंह, प्रधान आरक्षक हनुमान सिंह, आरक्षक सतेन्द्र डहेरिया और मितेंद्र बघाड़े की विशेष भूमिका रही। पुलिस के अनुसार, बालक को आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण कर परिवार को सौंपा जा रहा है।

## नर्मदा मछुआ सहकारी समिति मर्यादित घानामार के संचालन मंडल के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम घोषित

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा "नर्मदा मछुआ सहकारी समिति मर्यादित, घानामार, जिला डिंडौरी" के संचालन मंडल के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार, समिति की सदस्यता सूची के प्रकाशन एवं आपत्तियों के निराकरण हेतु सहायक आयुक्त, सहकारिता, डिंडोरी को रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही उप अंकेक्षक, नान, डिंडोरी श्री साकेत सिंह उइके, को सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम सदस्यता सूची प्रकाशित करने की तिथि 06 अगस्त 2025, आपत्तियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 13 अगस्त, आपत्तियों का निराकरण 14 अगस्त, अंतिम सदस्यता सूची का प्रकाशन 14 अगस्त, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के विनिश्चिय के विरूद्ध अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने 18, 19, एवं 20 अगस्त, अपील का निराकरण 27 अगस्त, राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी को अंतिम सूची प्रस्तुत करने की तिथि 01 सितंबर 2025 निर्धारित की गई है।

निर्देशित किया गया है कि निर्वाचन से संबंधित समस्त कार्यवाही का मोबाइल फोन द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग की जाए तथा यदि स्थानीय अवकाश घोषित होने पर भी चुनावी कार्यवाही यथावत जारी रहेगी।

## नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा का आदर्श ग्राम चांदरानी में स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में हुआ भव्य आयोजन

**स्वैच्छिकता के साथ नारी शक्ति को प्रकृति संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए अनूठा प्रयोग**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में नवांकुर योजना अंतर्गत नवांकुर सखी कार्यक्रम के अवसर पर आदर्श ग्राम चांदरानी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान ,विकासखंड समन्वयक मंजुलता राव के नेतृत्व में नवांकुर संस्था ओम गौरी शंकर सीता राम शिक्षण संस्थान द्वारा "नवांकुर सखी" "हरियाली कलश यात्रा" का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम मां दुर्गा की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर जनप्रतिनिधियों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा अतिथियों का स्वागत तिलकवंदन एवं श्रीफल के साथ किया गया एवं उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री के संदेश का आडियो चलाया गया। तत्पश्चात ब्लाक समन्वयक मंजुलता राव ने नवांकुर सखी हरियाली कलश यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए विस्तृत जानकारी दी तथा संभाग समन्वयक रवि बर्मन द्वारा ने "नवांकुर सखी" "हरियाली यात्रा" पर महिलाओं को संबोधित किया, पर्यावरण संरक्षण एवं नशामुक्ति हेतु सभी को जागरूक किया गया। इसी क्रम में हरियाली यात्रा पौध कलश यात्रा रैली समापन के बाद प्रत्येक नवांकुर सखियों को 11- 11 पौधे देकर सम्मानित किया गया तथा उनका पालन पोषण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम का समापन घोषणा एवं धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष श्री रूपराम ठाकुर, श्री इन्द्र सिंह, श्री ईश्वर सिंह, म. प्र. जन अभियान परिषद् के संभाग समन्वयक रवि बर्मन ,जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान विकासखंड समनापुर की विकासखंड समन्वयक मंजुलता राव,नवांकुर संस्था से श्री परसराम, श्री रामकुमार मरकाम, श्री दीपक कुमार वर्मे, सूरज प्रसाद ताम्रकार तथा मेंटर्स दिलीप कुमार बर्मन, शिवकुमार ठाकुर, डॉली पनरिया, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठयक्रम के विद्यार्थी, नवांकुर सखियां एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग श्री रामबाबू देवांगन ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरण पर कार्रवाई करते हुए चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक श्री वीर सिंह यादव पिता सम्हर निवासी ग्राम करौंदा तहसील बजाग जिला डिंडौरी की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पत्नि श्रीमती लमिया बाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार श्री छत्तर सिंह सिंग्राम पिता छोटेलाल सिंग्राम निवासी ग्राम सुकुलपुरा तहसील बजाग जिला डिंडौरी की तालाब के पानी डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पुत्र छब्बी सिंह को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। श्री पालन सिंह मरावी पिता गंगाराम मरावी निवासी ग्राम बरनई तहसील बजाग जिला डिंडौरी की नदी के पानी डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान पत्नि अंती बाई को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इसी प्रकार श्री शिवराम परस्ते पिता प्रेमसिंह परस्ते निवासी ग्राम पिण्डरूखी माल तहसील बजाग जिला डिंडौरी की तालाब के पानी डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिसान बहु विनीता को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

## जिला प्रशासन एवं वन विभाग ने वन ग्रामों में लगाई चौपाल पात्र किसानों को वनाधिकार पत्र दिलाने की कार्यवाही तेज





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा वनग्रामों में पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र प्रदान करने एवं संशोधन कार्य हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। बुधवार को कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विकासखंड बजाग के वनग्राम तरच, ग्राम पंचायत भुरसी रैयत एवं वनग्राम सिलपिडी के ग्राम पंचायत चाडा में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और वनाधिकार पत्र दिलाने की कार्यवाही की समीक्षा की। वनग्राम तरच ग्राम पंचायत भुरसी रैयत में आयोजित चौपाल के दौरान वनाधिकार पत्र से संबंधित कुल 60 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 36 पात्र पाए गए। कलेक्टर ने पटवारी, बीट गार्ड एवं सचिव को तीन दिवस के भीतर सभी पात्र आवेदनों की पूर्ण कार्यवाही कर ऑनलाइन प्रविष्टि करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को समय पर वनाधिकार पत्र मिल सके। और जिन किसानों के वन अधिकार पत्र सशोधन योग्य हैं उन्हें संशोधन करने के निर्देश दिए। इसी के साथ ग्राम पंचायत चाडा वनग्राम सिलपिडी में आयोजित चौपाल के दौरान पंचायत सरपंच ने पुराने पंचायत भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए नए भवन की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने जनपद सीईओ बजाग को तत्काल आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। चौपाल में काबिज किसानों के वनाधिकार पत्रों पर विस्तृत चर्चा की। आयोजित चौपाल में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर पटवारी, सचिव, बीटगार्ड को कलेक्टर ने दो दिवस के भीतर कार्यवाही कर वन मित्र पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राजेंद्र कुमार जाटव, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, तहसीलदार बजाग, जनपद सीईओ, एसडीओ वन विभाग गिरीश पांडे, डीपीसी रावेन्द्र मिश्रा, कार्यपालन यंत्री पीएचई मो. अहमद इमाम उल्ला, एसडीओपी अमित गौतम, आरईएस एसडीओ वीरसिंह तिलगाम, उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया, डीपीएम अर्पणा पांडे, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रमेश मरावी, कार्यपालन यंत्री एमपीईबी राकेश बघेल, आबकारी अधिकारी पचौरी, जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, सीईओ जनपद पंचायत, बीईओ, बीआरसी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीमा योजनाओं के सैचुरेशन के लिए शिविरों का हो रहा आयोजन

गोरसी ग्राम में आयोजित हुआ शिविर

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत गोरसी में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने शासन की मंशानुरूप ग्रामीण परिवारों को विभिन्न बीमा योजनाओं के प्रति जागरूक करते हुये बीमा योजनाओं का लाभ दिलाने कलेक्टर हर्षल पंचोली के नेतृत्व में जिले भर में बीमा योजनाओं के सैचुरेशन हेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से जहां एक ओर ग्रामीणों को शासन की विभिन्न बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधनमंत्री सुरक्षा बीमा योजना व अटल पेंशन योजना आदि के बारे जागरूक किया जा रहा है, वही दूसरी ओर शिविरों में बीमा योजनाओं के नवीन पंजीयन व पूर्व से संचालित बीमा पालिसी का नवीनीकरण भी किया जा रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार अग्रणी जिला प्रबंधक अनूपपुर द्वारा इन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक, कियोस्क प्रतिनिधि, आजीविका मिशन से बैंक सखी आदि उपस्थित रहकर ग्रामीण परिवार के बैंक खाताधारक सदस्यों का बीमा पंजीयन शिविर स्थल पर ही कराया जा रहा है। शासन स्तर से उक्त बीमा योजनाओं से आजीविका मिशन अंतर्गत समस्त स्व सहायता समूह सदस्यों को भी लाभान्वित किये जाने के निर्देश प्राप्त हुये है जिसके तहत शिविरों में स्व सहायता समूह के सदस्यों की उपस्थिति भी उल्लेखनीय है। गोरसी ग्राम के शिविर में जीवन ज्योति बीमा योजना व सुरक्षा बीमा योजना के क्लेम प्रकरणों का वितरण भी किया गया। ग्राम पंचायत गोरसी में आयोजित शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अजित नाम्बियार, एनआरएलएम के जिला परियोजना प्रबंधक शशांक प्रताप सिंह, शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अंजना गुप्ता, आजीविक मिशन टीम के जिला प्रबंधक दशरथ झारिया व दीपक मोदनवाल, सहायक ब्लॉक प्रबंधक विकास सिंह एवं गीतांजलि गुप्ता एवं बैंक सखी आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 907.6 मिमी अर्थात 35.73 इंच वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंहपुर जिले में एक जून से 30 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 907.6 मिमी अर्थात 35.73 इंच वर्षा दर्ज की गई है। 30 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 81 मिमी अर्थात 3.19 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 34 मिमी, गाडरवारा में 101 मिमी, गोटेगांव में 105 मिमी, करेली में 61 मिमी और तेंदूखेड़ा में 104 मिमी वर्षा आंकी गई है।30 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 847 मिमी, गाडरवारा में 1121 मिमी, गोटेगांव में 815 मिमी, करेली में 823 मिमी और तेंदूखेड़ा में 932 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 531 मिमी अर्थात 20.91 इंच वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 489 मिमी, गाडरवारा में 597 मिमी, गोटेगांव में 657 मिमी, करेली में 437 और तेन्दूखेड़ा में 475 मिमी वर्षा हुई थी।

### 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों में 14 अगस्त तक प्रवेश ले सकते हैं

**नरसिंहपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में रिक्त अंतिम कुछ सीटों पर संस्था की काउंसलिंग- सीएलसी प्रक्रिया जारी है। जिले के 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी 14 अगस्त 2025 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9424964698, 9098740752 एवं 9584721404 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय नरसिंहपुर में 3 वर्षीय डिप्लोमा कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित ब्रांच इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन, इंजी./ कम्प्यूटर साईस एंड इंजी./ मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। इससे भविष्य में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह जानकारी प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्नि महाविद्यालय नरसिंहपुर ने दी है।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

**नरसिंहपुर।** जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम ग्वारी के निरंजन सिंह पिता जगन्नाथ किरार की कृषि कार्य करते समय ट्रेक्टर पलटने से ट्रेक्टर के नीचे दब जाने के कारण 14 अप्रैल 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पत्नि द्रोपती बाई किरार को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

**नरसिंहपुर।** जिले की नरसिंहपुर तहसील के ग्राम कोदरासकला के किशोरीलाल आत्मज हरि गौड़ की कृषि कार्य करते समय करंट लगने से 17 जून 2023 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पुत्री ललिता गौड़ पिता स्व. किशोरीलाल गौड़ को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत 4 लाख रुपये की राशि स्वीकृत

**नरसिंहपुर।** जिले की गाडरवारा तहसील के ग्राम महुआखेड़ा के राजा राजपूत आत्मज लाल साहब राजपूत की कृषि कार्य करते समय ट्रेक्टर पलटने से ट्रेक्टर के नीचे आ जाने पर 14 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पत्नि श्रीमती रश्मि एवं पुत्री आर्या राजपूत को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

बच्चों में सही या गलत पर निर्णय लेने की क्षमता और विचार अभिव्यक्ति को विकसित करें

# हमारा समाज नशा से पीड़ित न हो इसलिए बच्चों में नशा की प्रवृत्ति को रोकना होगा

बच्चों को बेहतर शिक्षा दें, बुरी आदतों से दूर रखें, जिससे उनका सुरक्षित भविष्य बन सके











### कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने ‘नशा से दूरी- है जरूरी’ कार्यक्रम को संबोधित किया

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि नशा बहुत प्रकार के होते है, नशा बच्चों का बचपना खराब करता है, इसे रोकना बहुत जरूरी है, जिससे नशा बच्चों के लिए खराब आदत व तनाव का कारण न बने। समाज में आने वाली पीढ़ी नशा से पीड़ति न हो, इसके लिए बच्चों को नशा की प्रवृत्ति से रोकना होगा। बच्चों को सही शिक्षा देनी होगी, जिससे बच्चे अच्छाई व बुराई को समझ कर सही निर्णय ले सके। कलेक्टर श्रीमती पटले बुधवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित जागरूकता अभियान ‘नशे से दूरी- है जरूरी’ कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, जिला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएस खान सहित पुलिस विभाग के अधिकारी और शिक्षा विभाग के प्राचार्य, शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद थी। आयोजित कार्यक्रम में नशा के प्रति जागरूकता के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना के संदेशों का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर नशा के दुष्परिणाम के संबंध में भी लघु फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित जनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व होता है कि वे बच्चों में यह समझ तैयार करें, कि क्या सही है और क्या गलत है, जिससे बच्चे सही और गलत का आकलन कर सके। उन्होंने बच्चों को ड्रग्स, शराब, तम्बाकू इत्यादि नशीली पदार्थों से दूर रखने, इंटरनेट व सोशल मीडिया की उपयोगिता और दुष्परिणाम के बारे में बताने को कहा। माता- पिता हमेशा बच्चों के सम्पर्क में रहें। बच्चों को बदलते परिवेश में शामिल होने दें। नई- नई चीजों को सीखने दें, जिससे वे अपने उद्देश्यों को पूरा कर सके। बच्चों को उनकी क्षमताओं को विकसित करने का पूरा अवसर दें, जिससे बच्चों का बेहतर भविष्य और उनका जीवन सुरक्षित बन सके। उन्होंने बच्चों को बेहतर व्यवहार देने और अच्छी आदतों को सीखने के लिए प्रेरित करने को कहा। बच्चों को डराने व तनाव में न रखने की सलाह दी। बच्चों में खराब आदत, व्यवहार और नशा की प्रवृत्ति होने के पूर्व उसे रोकने को कहा।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि बच्चों को शिक्षा देकर उनका भविष्य सुधारना, जिससे उनका जीवन बेहतर बन सके। शिक्षक बच्चों को सही मार्गदर्शन दें, क्योंकि बच्चे अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय शिक्षक की देखरेख में विद्यालय में ही व्यतीत करते हैं। शिक्षक बच्चों को प्रेमपूर्वक समझाएं, नशे के दुष्परिणामों के बारे में बताएं, जिससे बच्चा नशा जैसी प्रवृत्ति को स्वीकार न कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को बताएं कि वह अपना समय व ज्ञान का उपयोग आगे बढ़ने में करें। बच्चों के लिए लक्ष्य निर्धारित करें तथा परिश्रम कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करें, जिससे बच्चे सही समय दिशा में आगे बढ़े और उचित निर्णय ले सके। कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्कूल भ्रमण के दौरान अपने अनुभवों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों में वाक क्षमता और विचार अभिव्यक्ति को बढ़ाएं। बच्चों की जीवन शैली को सही दिशा दें। शासन के द्वारा इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसका वे पूर्णतः पालन करें, जिससे बच्चे आगे बढ़कर एक जिम्मेदार नागरिक बन सके। आयोजित कार्यक्रम को पुलिस अधीक्षक श्रीमती मृगाखी डेका, जिला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया ने भी संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर नशे के दुष्परिणाम, बच्चों में बेहतर आदतें विकसित करने तथा उनके साथ उचित व्यवहार करने के बारे में बताया। आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशे से दूरी है जरूरी अभियान के संबंध में जिले में आयोजित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## संकुल स्तरीय गणित विज्ञान एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन 31 जुलाई तक








### नवोदय विद्यालय समिति भोपाल क्षेत्र के 23 विद्यालय द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा

**नरसिंहपुर।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में वर्ष 2025- 26 की संकुल स्तरीय गणित विज्ञान व पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन 31 जुलाई तक किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्य विज्ञान केन्द्र भोपाल के डायरेक्टर डॉ. साकेत सिंह ने किया।प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार तिवारी ने बताया कि संकुल स्तरीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी का आयोजन सतत विकास के लिए विज्ञान एवं तकनीक का महत्व की थीम पर किया जा रहा है। प्रदर्शनी में नवोदय विद्यालय समिति भोपाल क्षेत्र के 23 विद्यालय द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। इस अवसर पर वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. बीके शर्मा, गन्ना अनुसंधान केन्द्र बोहानी के डॉ. लखन सिंह, पीजी कॉलेज करेली के रसायन विज्ञान प्रमुख डॉ. पीके खरे व जंतु विज्ञान विभाग प्रमुख प्रो. एसएल चौधरी मौजूद थे।





## महिला ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित



**नरसिंहपुर।** सेंट- आरसेटी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में महिला ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 26 जून से 30 जुलाई तक किया गया। इस प्रशिक्षण का समापन बुधवार को हुआ। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में 35 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।
कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे जिस कार्य में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसे आत्मविश्वास के साथ अपने ग्रामों में जाकर स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें। प्रशिक्षुओं को सहयोग का आश्वासन दिया गया। प्रशिक्षणार्थी बैंक से अच्छा लेनदेन करें, जिससे बैंक से मदद के समय आपको आसानी से स्वरोजगार के लिए ऋण प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिला प्रबंधक एनआरएलएम श्री मुकेश तोमर व श्री ज्वाला कारोसिया, निदेशक आरसेटी नरसिंहपुर श्रीमती अनामिका मल्ल, संकाय सदस्य श्रीमती शिखा कुशवाहा, श्री गगन शर्मा, श्रीमती सिंधु शर्मा, मास्टर ट्रेनर श्रीमती ऊषा जैन और प्रशिक्षणार्थी मौजूद थी। कार्यक्रम का संचालन व आभार संकाय सदस्य श्री आशीष नामदेव ने किया।

## अतिवृष्टि में फंसे 150 से अधिक लोग सुरक्षित निकाले गए

**नरसिंहपुर।** जिले के ग्राम रिछई, नादिया, बिलहरा, देवरी और बिलहरा वेयरहाउस में लगातार हुई भारी बारिश के कारण गंभीर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे 150 से अधिक लोग अपने घरों में फंस गए। ऐसे संकट की घड़ी में जिला प्रशासन, होमगार्ड और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन अंजाम दिया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट टी.आर. चौहान के मार्गदर्शन में प्लाटून कमांडर वीरेंद्र सूर्यवंशी तथा एसडीआरएफ के संजय और संदीप के साथ होमगार्ड जवान किशोर, रामकृष्ण, राजेंद्र, प्रहलाद और संजय ने जान जोखिम में डालकर सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया।रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मौके पर कलेक्टर शीतला पटले, एसडीएम मनिंद्र सिंह, तहसीलदार निर्मल पटले और नगर निरीक्षक बी.एल. त्यागी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।







## जैन दर्शन सभी का है, सभी के लिए है- प्रबुद्ध सागर

**गोटेगांव।** व्यक्ति की श्रेष्ठता उसकी राग द्वेष की परिणति के चलते तय होती है। रागी वस्तु को पकड़ता है और वीतरागी वस्तु को छोड़ता है। वीतरागी कहता है कि जो छोड़ दिया तो छोड़ दिया। फिर उसे दोबारा क्यों पकड़ना। इस बात का अर्थ यह है कि सम्यक दृष्टि कभी भी अपनी दृष्टि नहीं बदलता। ठीक इसी तरह यदि रागी व्यक्ति भी अपने अंदर की दृष्टि बदल ले तो उसकी अंतरात्मा की सृष्टि ही बदल जाएगी। चाहे फिर हुआ है जैन हो या अजैन। इसमें जैन या जैन होने की कोई बाध्यता नहीं होती । जैन दर्शन सभी का है, सभी के लिए है। यह बात गोटेगांव नगर में चातुर्मास के लिए विराजमान मुनि श्री 108 प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपनी धर्म सभा में कहीं। 1008 श्री शांतिनाथ जिनालय के आचार्य विद्यासागर सभागार में उपस्थित श्रावकों से मुनिश्री ने कहा कि आत्मा के भीतर देखना सम्यक दृष्टि है और बाहर देखना मिथ्या दृष्टि है । यह सम्यक दृष्टि सभी जीव रख सकते हैं। चाहे वह फिर पशु पक्षी हो या नारकीय हो या स्वर्गीय हो, क्योंकि सभी की आत्मा एक है । वह तो प्रत्येक जीव के अपने कर्मों के कारण ही उसे वह शरीर मिलता है । सबके अपने कर्मों के कारण ही यह शरीर बंध होता है । वीतरागी अरिहंत भगवान सबके लिए हितकारी हैं। लेकिन उन्हें याद करना पड़ेगा । वह सबके कल्याणकारी हैं। वीतरागी भगवान सबके कष्ट निवारण करता है। वीतरागिता की ऐसी ही अद्भुत महिमा है ।वह कृतज्ञ हैं,जिसने भी सम्यक दृष्टि धारण की ,उसी के लिए हैं । आज भले ही भगवान महावीर स्वामी नहीं है ।लेकिन उनका शासन आज भी चल रहा है ।क्योंकि आज भी अहिंसा परमो धर्म है। आज भी चतुर्विध संघ है। आज भी श्रवण संस्कृति है। आज भी श्रावक हैं। जिसका भी सत्य व अहिंसा में विश्वास है वही जैन है।

## बारिस बनी आफत, आम आदमी से लेकर पशु पक्षी तक परेशान



**तेंदूखेड़ा।** विगत तीन दिन से लगातार जारी वारिस से लगभग हर वर्ग परेशान बना हुआ है।इस वारिस से जहां नदी नाले उफान पर है वहीं मुख्य सड़क मार्ग बंद रहने से ग्रामीण आवागमन नहीं कर पा रहे हैं। मजदूरी कर अपनी जीविका चलाने वाले मजदूरी करने नहीं निकल पा रहे हैं तो पशु पक्षी भी शांत होकर एक ही जगह बैठे हुए हैं।चारा पानी भूसा से लेकर दाना चुनने की समस्या बनीं हुई है। तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर ककरा घाट में नर्मदा नदी के पुल पर और तेंदूखेड़ा से इमझिरा डोभी होकर बरमान जाने वाला सड़क मार्ग पिछले दो दिनों से बंद पड़ा हुआ है।साथ ही टेकापार से गंगई जाने वाला सड़क मार्ग भी बंद पड़ा हुआ है। चारों तरफ पानी ही पानी होने के कारण निचली बस्तियों में बाढ़ का पानी भर जाने से लोगों का अनाज भीग गया है।भूसा भीग जाने से मवेशियों को भोजन की समस्या बनी हुई है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गंगई में नदी में बाढ़ अधिक होने के कारण स्कूल सहित टोला कबरा क्षेत्र में पानी भर गया है। यहां पर फंसे सात लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन कर सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया।गौरतलब रहे कि तेंदूखेड़ा क्षेत्र में विगत वर्ष की अपेक्षा इस बार दो गुनी से भी अधिक वारिस हो गई है।मिली जानकारी के अनुसार 828 मिमी बारिश हो चुकी है। मूंग उपज बेचने विभिन्न केंद्रों पर गये किसान ट्रेक्टरों ट्रालियों में फसलें लेकर बीच सड़क मार्गों नदियों के बीच फंसे हुए हैं। उनके साथ जहां उपज बेचने की समस्या बनी हुई है वहीं उपज खरीदे जाने की समस्या भी बन गई है।30 जुलाई तक आखिरी तारीख थी। विधायक ने व्यवस्था को लेकर दिये निर्देश हमारे प्रतिनिधि को विधायक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल इन दिनों भोपाल विधानसभा में चल रहे सत्र में हैं उन्हें क्षेत्र की बाढ़ की जानकारी मिलते ही पीड़ित ग्रामीण क्षेत्रों में हरसंभव सुरक्षा व्यवस्था बाढ़ में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया गया है।साथ मूंग उपार्जन व्यवस्था में आ रही कठिनाइयों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना को पत्र लिखकर मांग की है कि तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा के कारण किसानों की लंबी लंबी लाइनें लगी हुई है जिससे किसानों की मूंग की तुलाई नहीं हो पा रही है। जिससे किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पंजीयन पोर्टल बंद होने के कारण किसानों को स्लॉट बुकिंग में भी समस्याएं आ रही हैं। उनका शीघ्र ही निराकरण किया जाए। और जो मूंग उपार्जन की अंतिम तिथि है उसको 7 दिवस और बढ़ाई जाए जिससे कि किसानों को मूंग उपार्जन में समस्याएं आ रही हैं उनका निराकरण हो सके।